## खबर संक्षेप

### स्वच्छ सतना लक्ष्य अपना के लगे पुरजोर नारे



**सतना।** शहर को स्वच्छ, सुंदर, कचरा मुक्त, स्वस्थ शहर बनाने एवं 4आर-रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल, रिफ्यूज की अवधारणा के साथ, होमकंपोस्टिंग,पर्यावरण संरक्षण, मतदाता जागरूकता, स्वच्छता जागरूकता, नशा मुक्ति, अपराध मुक्त समाज,भ्रष्टाचार मुक्त समाज,की परिकल्पना के साथ स्वच्छता द्वारा बेहतर शहरी स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के दृष्टिगत स्कॉलर्स होम कॉलेज बस स्टैंड में जागरूकता कार्यक्रम इं.धर्मेंद्र सिंह परिहार नगर पालिक निगम सतना के नेतृत्व में आयोजित किया गया।सभी से सतना को स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रथम स्थान दिलाने में अपनी अपनी सहभागिता निभाने का अनुरोध किया गया तथा कचड़ा चार भागों में गीला,सूखा,सेनेटरी तथा घरेलू हानिकारक अलग-अलग-निर्धारित हरी डस्टबिन व नीली डस्टबिन में गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक कचड़ा कलेक्शन(मांगने वाली) गाड़ी को देने का अनुरोध किया गया।

### अपर कलेक्टर मैहर ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**सतना।** राज्य शासन के निर्देशानुसार मैहर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के कार्य में खरीद किये गये गेहूं का भंडारण वेयरहाउस में किया जा रहा है। परिवहन और भंडारण के कार्य की व्यवस्थाओं को जांचने अपर कलेक्टर मैहर शैलेंद्र सिंह ने गुरुवार को विकासखंड अमरपाटन के वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उन्होने अपर्णा वेयरहाउस,सीता वेयरहाउस,अनंतश्री वेयरहाउस और दुलरिया वेयरहाउस मौहरिया लालन अमरपाटन का निरीक्षण कर गेहूं भंडारण की स्थिति का अवलोकन किया।अपर कलेक्टर ने वेयरहाउस के संचालकों और कर्मचारियों को खाद्यान्न का रख-रखाव सही ढंग से और अभिलेखों को अपडेट रखने के निर्देश दिए।

### नेशनल लोक अदालत की पूर्व तैयारी बैठक संपन्न




**सतना।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना अजय श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत 11 मई 2024 को जिला एवं तहसील स्तर पर आयोजित की जायेगी।नेशनल लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाने गुरुवार को एडीआर भवन में विद्युत कंपनी के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के मध्य पूर्व तैयारी बैठक संपन्न हुई। विशेष न्यायाधीश प्रशांत कुमार निगम ने बताया कि आगामी नेशनल लोक अदालत के माध्यम से विद्युत संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। जिन उपभोक्ताओं के बिजली बकाया है,ऐसे उपभोक्ता नेशनल लोक अदालत के माध्यम से शासन स्तर से मिलने वाली छूट का लाभ उठा सकते हैं।बिजली विभाग के अधिकारी उपभोक्ताओं को नोटिस/वारंट की तामीली समय से कराना सुनिश्चित करें।नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक विद्युत संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जा सके। इसके लिये सभी का सहयोग आवश्यक है।

### कुन्दीदेवी सोनी के निधन पर चेम्बर ने जताया शोक

**सतना।** विन्ध्य चेम्बर आफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के कार्यकारिणी सदस्य दिलीप सोनी की माता श्रीमती कुन्दीदेवी के आकस्मिक निधन पर विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज,ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसके साथ ही चेम्बर ईश्वर से कामना करता है कि पुण्य आत्मा को शान्ति प्रदान करें। परिजनों ने नेत्रदान कराकर पुनीत कार्य किया।





# नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते के साथ मारपीट का आरोप

**सतना।** बस स्टैण्ड में अतिक्रमण हटाने गये नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते के साथ अतिक्रमणकारियों ने मारपीट की है। इस मामले में गहरवार बस मालिक का नाम सामने आ रहा है।अतिक्रमण दस्ता प्रभारी आरपी सिंह परमार ने इस बात की शिकायत कोलगवां थाने में की है। मिली जानकारी के मुताबिक नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता बस स्टैण्ड में प्रतीक्षालय और वहां बने कमरों के साथ-साथ अतिक्रमण कर बनाये गये आफिस का अतिक्रमण हटाने पहुंचा था।

सतना

जिसके बाद अतिक्रमणकारियों ने इसका विरोध किया। आरोप है कि अतिक्रमणकारियों ने ननि की टीम के साथ मारपीट की। इस बात की शिकायत कोलगवां थाने में की गयी है। अतिक्रमण दस्ता प्रभारी आरपी सिंह परमार बताते हैं कि बस स्टैण्ड के प्रतीक्षालय,वेटिंग रूम के कमरे में राजेश सिंह और उनके साथियों का कब्जा है,इसके साथ ही इनका आफिस भी अवैध रूप से बना हुआ है। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते की टीम जब कार्यवाही करने गयी तो उनके साथ मारपीट की गयी और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचायी गयी। जिसकी शिकायत कोलगवां थाने में की गयी है। उधर बस ऑनर्स एसोसियेशन के पदाधिकारियों और ड्राईवर भी कोलगवां थाना पहुंचने की योजना बना रहे थे।

## हत्या के फरार आ़रोपी गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल

सतना।

सिंहपुर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक फरियादी शंखा अहिरवार पिता स्व.विशेषर अहिरवार उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम बौलिहा ने रिपोर्ट किया था कि 27 फरवरी को करीब 3 बजे दोपहर में लडका



रामजी अहिरवार मंगलभवन के बगल वाले खेत की फसल देखने गया,उसी समय मुकेश अहिरवार हाथ मे कुल्हाड़ी लेकर,रामबहोरी अहिरवार हाथ मे लोहे का राड लेकर,नंदी लाल अहिरवार,संदीप अहिरवार हाथ में लाठी डंडा लेकर अपने घर तरफ से दौड़ते हुये आये,मेरे लडके रामजी अहिरवार की हत्या करने की नियत से मुकेश अहिरवार मेरे लडके रामजी के सिर में कुल्हाड़ी से मारा जो वही खेत में गिर पडा,तब रामबहोरी अहिरवार रड से,नंदीलाल अहिरवार,संदीप अहिरवार लाठी डंडा से मुकेश अहिरवार कुल्हाड़ी से मारने लगे तब मेरा लडका जोर से चिल्लाया तब मैं नाती बृजभान उसकी पत्नी प्रेमवती अहिरवार मना करने लगे,राजेन्द्र अहिरवार लाठी लेकर आया वह भी मारपीट मेरे लड़के रामजी को करने लगा,तब हम सभी लोग दौडे व रामजी को खेत से उठाकर बाहर ले आये,आटो की व्यवस्था करके लड़के रामजी को उपचार कराने जिला अस्पताल सतना लेकर गये उपचार दौरान रामजी अहिरवार की मृत्यु हो गई है। फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 302,34 का कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना आ़रोपी मुकेश अहिरवार,रामबहोरी अहिरवार,संदीप अहिरवार,नन्दीलाल अहिरवार सभी निवासी बौलिहा थाना सिहंपुर को पता तलास कर गिरफ्तार किया गया। मामले के आरोपी राजेन्द्र अहिरवार से फरार है जिसकी गिरफ्तारी गुरुवार को की गई। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेन्द्र पटेल थाना प्रभारी सिंहपुर,उप निरीक्षक आर.पी.त्रिपाठी चौकी प्रभारी रैगांव,आर भरत बागरी,आर अभिषेक यादव,आर नरेन्द्र पटेल की भूमिका रही।

## नागौद में बलात्कार, चंद घंटे में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



**सतना।** नागौद में बलात्कार की एक घटना सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 21 वर्षीय कुलगढ़ी निवासी पीड़िता के साथ आरोपी ने घटना को अंजाम दिया था। जिसकी रिपोर्ट पीड़िता ने थाने में आकर दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया था कि नितुल कुशवाहा निवासी कुलगढी के द्वारा शादी का झांसा देकर फोन पर बात करना व पीडिता के घर से लगा हुआ राजीव शुक्ला के खेत तरफ बुलाकर शादी का झांसा देकर बूरी नियत से जबरजस्ती गलत काम किया था। नितुल कुशवाहा पीडिता के साथ 25 अगस्त 2021 से 19 जनवरी 2024 तक लगातार शादी का झांसा देकर गलत काम करता रहा है। बाद नितुल कुशवाहा के द्वारा पीडिता के साथ शादी नहीं करने व रिपोर्ट लिखाने की बात से पीडिता व उसके परिवार को जान से खतम कर देने की धमकी देने की रिपोर्ट करने पर थाना नागौद में अपराध क्रमांक 322/24 धारा 376(2)(N),506 ताहि 5/6 पाक्सो एक्ट का अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया जाकर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये त्वरित पुलिस टीम रवाना कर आरोपी नितुल कुशवाहा पिता सुन्दरलाल कुशवाहा उम्र 22 वर्ष निवासी कुलगढी थाना नागौद को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जिसे माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक सत्यकीर्ति सिंह,अर्पित सेन,राज बहोर साकेत,अनिल वर्मा,मुनेश सिंह ,अमित खैरवार,चालक धनेन्द्र दाहिया आदि शामिल रहे।

## सिटी कोतवाली से डाली बाबा तक सीवर लाइन बिछाने के निर्देश

**सतना।** नगर निगम आयुक्त ने अमृत मिशन के अंतर्गत सीवर लाइन के कार्य की समीक्षा करते हुये ठेकेदारों को निर्देशित किया कि पर्याप्त मानव बल के साथ सभी फ्रन्ट पर कार्य प्रारंभ कराया जाये। कार्य के दौरान नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा का ध्यान रखा जाये। श्री मीना ने सिटी कोतवाली से डालीबाबा मार्ग के बीच सीवर लाइन बिछाने का काम प्रारंभ किये जाने के निर्देश दिये। इसके पूर्व सभी बिजली के खंभों को हटाने,अतिक्रमण का चिन्हांकन करने साथ ही पाइप लाइन का कार्य एवं सीवर का कार्य एक साथ प्रारंभ कराने के निर्देश दिये गये। नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना ने स्मार्ट सिटी के एबीडी में बने नगर वन का निरीक्षण किया। आपको बता दें कि फेज-1 का कार्य पूर्ण हो चुका है। फेज-2 में किये जा रहे मीटिंग हॉल के निर्माण का आयुक्त ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य प्रगति पर पाया गया। श्री मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण ढंग से कराया जाये। इसके बाद आयुक्त ने मटेहना बाईपास पर बन रहे मीट-मुर्गा मार्केट का निरीक्षण किया। यह कार्य लगभग 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। ननि आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाये। इस मार्केट में दुकानें संचालित होने पर निकलने वाले अपशिष्ट का प्रबंधन बेहतर ढंग से किये जाने के निर्देश भी उन्होंने दिये। आयुक्त मीना ने रैमकी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गीला,सूखा कचरा, हानिकारक अपशिष्ट,मेडिकल वेस्ट अलग-अलग वाहनों में ले जाय जाये। कचरा वाहन के सभी क पार्टमेंट को सुधरवाया जाये। रिड्यूज,रीयूज,रीसाइकिल को प्रमोट करने के लिये चौपाटी एवं पार्क के आसपास चिन्हित करके नेकी की दीवार बनायी जाये। नगर निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रमों की अनुमति जीरो वेस्ट ईवेन्ट के साथ दी जाये,सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग प्रतिबंधित किया जाये,वेस्ट पिकर्स को कर्मकार मंडल का लाभ दिलाया जाये। जागरुकता की गतिविधियां करायी जायें। वर्षा ऋतु को ध्यान रखते हुये शहर के बड़े नालों में स्क्रीनिंग लगायी जाये। शहर के प्रमुख मार्गों में नाली एवं रोड के बीच पेवर्स ब्लाक लगाये जायें,नालों की सफाई करने वाले सफाई कामगारों को से टी बेल्ट,गमबूट एवं सुरक्षा के उपकरण उपलब्ध कराये जायें,नगर निगमायुक्त के आदेश पर बड़े नाले-नालों की सफाई 1 मई से प्रारंभ हो चुकी है। इस क्रम में वार्ड क्र.36 एवं 41 में स्थित नालियों की सफाई कराकर कचरे निस्तारण किया गया।





## मानवाधिकार आयोग के स्पेशल मॉनीटर ने वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण

सतना।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्पेशल मॉनीटर बालकृष्ण गोयल ने गुरुवार को अपने मैहर जिले के प्रवास के दूसरे दिन मां शारदा मंदिर मैहर द्वारा संचालित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया।श्री गोयल ने आश्रम संचालक और कर्मचारियों से कहा कि वृद्धाश्रम में रहने वाला हर बुजुर्ग हमारे माता-पिता के समान है। उन्होने आश्रम से संबंधित शिकायतो को साझा करने वृद्धजनों के लिये अपना व्यक्तिगत फोन नंबर आश्रम की दीवाल पर अंकित करवाया। स्पेशल मॉनीटर श्री गोयल ने आश्रम के प्रभारी को कार्यरत सभी कर्मचारियों की मेडिकल जांच और पुलिस वेरिफिकेशन कराने के लिये कहा। साथ ही वृद्धजनों को हर माह मैहर के आस-पास तीर्थ दर्शन कराने का सुझाव दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी मैहर को वृद्धाश्रम के वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच के लिये मेडीकल कैंप लगाने और निरीक्षण में पाई गई कमियों को सुधारने की भी बात कही। इस दौरान तहसीलदार मैहर जितेंद्र पटेल,सीएमओ लालजी ताम्रकार, इंजी एसबी सिंह मौजूद रहे।

### मातृछाया और केंद्रीय जेल सतना का भी किया निरीक्षण

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के स्पेशल मानीटर बालकृष्ण गोयल ने अपने मैहर जिले के दो दिवसीय प्रवास उपरांत सतना जिले की संस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मातृछाया शिशु गृह और केंद्रीय जेल का निरीक्षण किया। मातृछाया शिशु गृह के संचालक से बच्चों की दी जा रही सुविधायें,दत्तक ग्रहण प्रक्रिया और संस्था संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होने संस्था में कार्यरत स्टाफ की कार्यशैली और बच्चों के साथ उनके व्यवहार के बारे में भी जानकारी ली। स्पेशल मानीटर श्री गोयल ने मातृछाया के निरीक्षण के उपरांत केंद्रीय जेल सतना का भी निरीक्षण किया। उन्होने जेल के महिला वार्ड का निरीक्षण करते हुये महिला कैदियों से उनके स्वास्थ्य और जेल से मिल रहीं सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। श्री गोयल ने जेल की पाकशाला का निरीक्षण कर कैदियों के लिये बनाये जा रहे भोजन की प्रक्रिया का अवलोकन किया और भोजन चखकर उसकी गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। इसके उपरांत जेल की लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया। उन्होने जेल के अधिकारियों से कहा कि जो भी कैदी जेल में रहते हुये अपनी पढ़ाई जारी रखे हुये हैं,उन्हे आवश्यक सहयोग करें।श्री गोयल ने जेल भ्रमण के दौरान कैदियों से भी बातचीत की। उन्होने कैदियों से कहा कि जो भी कैदी आर्थिक रुप से सशक्त नहीं हैं और प्राइवेट वकील का खर्च नहीं उठा सकते हैं। ऐसे कैदी शासन की योजना का लाभ लें,विधिक सहायता के लिये शासकीय वकीलों से अपनी पैरवी करवा सकते हैं।

## केजेएस सीमेंट के पानी के स्टॉक से नगर पालिका 7 लाख क्यूरेक पानी लेने के लिए तैयार

### 1 हफ्ते में नगरवासियों को मिलेगा पानी

मैहर।



मैहर नगर के लिए पानी की समस्या से निपटने नपा अध्यक्ष गीता संतोष सोनी ने कमर कस लिया और केजेएस सीमेंट के स्टॉक पानी से करीब 7 लाख क्यूरेक पानी तमस नदी में लाकर फिटर कर मैहर शहरी क्षेत्र में सप्लाई की जाएगी। नपा अध्यक्ष गीता संतोष सोनी ने बताया कि मैहर शहर को करीब 40 लाख क्यूरेक पानी की जरूरत पड़ती है लेकिन इस भीषण गर्मी में नदी तालाबो के सूख जाने के कारण जल संकट गहराने लगा जिसको देखते हुए नगर पालिका परिषद ने यह विचार किया कि पाइप लाइन के माध्यम से केजेएस सीमेंट फैक्ट्री के स्टॉक पानी को टमस में लाकर नगर पालिका की शुद्धिकरण कर जलापूर्ति की जाएगी। करीब दो किलोमीटर पाइप लाइन लगाई जाएगी। जिसके बाद मैहर के रहवासियों के नलो तक पानी पहुंचाया जायगा। इस पर समस्त वार्ड पार्षदों व नपा अधिकारियों की सहमति के बाद 30 अप्रैल को पाइप लाइन बिछाने को लेकर टमस नदी निरक्षण करने पहुचे। नेता व अधिकारी जिस पर काम शुरु कर दिया गया है करीब 1 हफ्ते में पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा हो जाएगा उसके बाद एवं जल्द से जल्द केजेएस सीमेंट के सहयोग से टमस नदी में पानी पहुचेगा और जनता के सूखे कंठ को गिला करेगा।

## सेवा सहकारी समिति ओबरी को ब्लैक लिस्टेड कर उपार्जन कार्य से किया गया पृथक

**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सेवा सहकारी समिति ओबरी को उपार्जन कार्य से पृथक करते हुये ब्लैक लिस्टेड करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश सेवा सहकारी समिति ओबरी द्वारा कृषक पंजीयन के कार्य में बिना दस्तावेजों का परीक्षण किये गये बिना अवैधानिक तरीके पंजीयन करने पर जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में ग्राम कंदवा तहसील रामपुर बघेलान निवासी श्रीनिवास शर्मा द्वारा गेहूं विक्रय के लिये पंजीयन रामानुजम विपणन सहकारी समिति में कराया गया था। संपूर्ण उपज का विक्रय एक बार में ही किया जा सके,इसके लिये पंजीयन के दौरान श्री शर्मा ने अपनी पत्नी सुनीता शर्मा के नाम पर दर्ज रकबे को भी जोड़ने का अनुरोध किया था। एनआईसी में दर्ज जानकारी के अनुसार जानकारी का मिलान नहीं होने पर रामानुजम विपणन सहकारी समिति द्वारा पंजीयन निरस्त कर दिया गया। लेकिन सेवा सहकारी समिति ओबरी ने पंजीयन कार्य में अनियमितता बरतते हुये और शासन की नीति-निर्देशो का उल्लंघन करते हुये आवदेक रमाशंकर शर्मा की पत्नी सुनीता शर्मा के नाम दर्ज आराजी को खरमसेड़ा की सुनीता पटेल पति रामकुसल पटेल के पंजीयन में जोड़ दिया।सेवा सहकारी समिति ओबरी के इस कृत्य से कृषक कल्याणकारी योजना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।साथ ही शासन के आदेशों के पालन और दायित्वों को निर्वहन करने में घोर लापरवाही और अनियमितता बरती गई है। जिसके फलस्वरुप कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सेवा सहकारी समिति को ब्लैक लिस्टेड करते हुये उपायुक्त सहकारिता को समिति प्रबंधक अखिलेश श्रीवास्तव और कंप्यूटर ऑपरेटर रंटू सिंह के विरुद्ध तत्काल एफआईआर करने के निर्देश दिये हैं।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रस्तावित कार्यों की ली जानकारी



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने आज दोपहर में कलेक्ट्रेट परिसर में प्रस्तावित निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर स्थल का मुआयना किया। इस मौके पर पुलिस चौकी बायपास की तरफ निर्माणाधीन बाउण्ड्रीबाल की प्रगति की जानकारी ली और पार्क के बाजू में बनने वाले वाहन शेड स्थल का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री कुमार ने लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी प्रथम एवं विद्युत यांत्रिकी को संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट भवन में आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य कराए जाने के संबंध में भी निर्देशित किया है। समय सीमा में कार्य की पूर्णता के लिए प्रस्तावित कार्यों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### राजस्व न्यायालयों के लिए क्रय किए जाएंगे कम्प्यूटर

**पन्ना।** अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय द्वारा जिले के राजस्व न्यायालयों के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से कम्प्यूटर-प्रिंटर क्रय करने की सूचना जारी की गई है। प्रत्येक राजस्व न्यायालय के लिए 75 हजार रूपए की राशि के मान से 28-28 नग कम्प्यूटर एवं प्रिंटर क्रय करने के लिए जेम पोर्टल पर निविदा जारी की गई है। यह 4 मई को शाम 5 बजे तक खुली रहेगी।

### कुलगुरू पदनाम का करें उपयोग

**पन्ना।** महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर द्वारा अधिसूचना जारी कर हिन्दी पत्राचार में कुलपति के स्थान पर कुलगुरू पदनाम का उपयोग करने के संबंध में अवगत कराया गया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया है कि उच्च शिक्षा विभाग के 5 अप्रैल 2024 के पत्र के द्वारा म.प्र. विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 (संशोधन) 2024 के अनुसार तथा म.प्र. राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 75 दिनांक 11.03.2024 के बिन्दु-2 अनुसार कुलपति शब्द के स्थान पर अंग्रेजी में वाइस चांसलर तथा हिन्दी में कुलगुरू शब्द प्रतिस्थापित किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में सलिल मिश्रा का दुखद निधन



**पन्ना।** अमानगंज रोड में रामपुर बैरियल के गुदहानाला के पास जो दुर्घटना घटित हुई जिसमें सलिल मिश्रा की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्व. सलिल मिश्रा रामकुमार मिश्रा निवासी बल्देव मंदिर मोदी चौराहा के मझले पुत्र थे। वह किसी कम्पनी में एमआर थे। अमानगंज जाते समय एक्टिवा से पन्ना की ओर आ रहे थे। तभी गुदहानाला के पास वाहन से टकरा गये। जिससे घटना पर ही मृत्यु हो गई। यह बहुत ही दुखत घटना की भीषण एक्सीडेंट था। इस दुख की घड़ी में ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें तथा उनके परिवार को इस दुख को सहने की सहन शक्ति प्रदान करें। स्व. सलिल मिश्रा दैनिक जागरण के ब्यूरो चीफ सलभ मिश्रा के बड़े भाई थे। उनके दुखद निधन पर पत्रकार बंधुओं ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

## सागर लोकायुक्त की बड़ी कार्यवाही

# नपं अध्यक्ष सारिका खटीक 30 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**किसी जनप्रतिनिधि के रिश्वत लेते पकड़े जाने का जिले का पहला मामला अध्यक्ष सारिका खटीक भाजपा विधायक की पुत्री है**



मध्य प्रदेश में तमाम प्रयासों की बावजूद सरकारी कार्यलिय में रिश्वत रुकने का नाम नहीं ले रही है लेकिन पन्ना में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें कोई जनप्रतिनिधि पहली बार रिश्वत लेते गिरफ्तार हुआ है ।






**अमानगंज।**

पन्ना जिले की नगर परिषद अमानगंज की अध्यक्ष सारिका खटीक भुगतान के बदले में 30हज़ार की रिश्वत लेती हुई पकड़ी गई है शिकायत के बाद सागर लोकायुक्त की टीम ने नगर पंचायत कार्यालय में रिश्वत लेते पकड़ा शेष कार्यवाही थाना अमानगंज में की उनके दफ्तर में 30000 की राशि शिकायतकर्ता राघवेंद्र राज मोदी ने अध्यक्ष को हाथों में दी उन्होंने बताया कि वह जब से अध्यक्ष बनी है लिफ्टर के भुगतान में प्रतिमाह पैसा ले रही थी और यह रकम बढाती जा रही तंग आकर मैंने सागर लोकायुक्त में शिकायत की और 30 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाया उन्होंने यह राशि अपने बैग में रख ली थी अध्यक्ष सारिका खटीक ने मीडिया को बताया कि यह मेरे खिलाफ में बहुत बड़ा षड्यंत्र है जो महीनो से रचा जा रहा था। लोकायुक्त निरीक्षक रोशनी जैन ने बताया कि आवेदक राघवेंद्र राज मोदी 29 तारीख को लोकायुक्त कार्यालय सागर में शिकायत करने आया उन्होंने शिकायत में बताया कि लिफ्टर मशीन के भुगतान के आवाज में अध्यक्ष द्वारा मुझेसे 40000 मांगे जा रहे हैं जहां लोकायुक्त टीम ने टेप रिकॉर्डर रिश्वत लेने की रिकॉर्डिंग सहित सभी सबूत इकट्ठे करते हुए अध्यक्ष सारिका खटीक को 30000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। किसी जनप्रतिनिधि के रिश्वत लेते पकड़े जाने का यह पहला मामला है जिससे हड़कंप मच गया है ज्ञात हो कि नगर परिषद अध्यक्ष सारिका खटीक भाजपा नेता है और उनकी मां उमा देवी खटीक दमोह जिले की हटा से विधायक है। लोकायुक्त सागर टीम की कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक मंजू पटेल, निरीक्षक रोशनी जैन, निरीक्षक रंजीत, अरविंद नायक सहित 11 सदस्य टीम ने कार्यवाही को अंजाम दिया।

## निर्धारित वजन से ज्यादा वजन में तौल रहे अनाज, उपार्जन केंद्रों में मनमानी का राज

# ठेके में चल रहे उपार्जन केंद्र, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**देवेन्द्रनगर।**

पन्ना जिले में बने खरीदी केंद्रों की चर्चा जिले से लेकर राजधानी तक आखिर पहुंच ही जाती है। उपार्जन केंद्रों के बनते ही भ्रष्टाचार का खेल करने वाले सक्रीय हो जाते है।सूत्र बताते हैं कि भ्रष्टाचार में केंद्र प्रभारी से लेकर कई जिम्मेदारों की अच्छी सांठगांठ के चलते पूरे भ्रष्टाचार का खेल निर्भीक होकर खेला जाता है, न तो इन्हें भ्रष्टाचार की शिकायतों से कोई फर्क पड़ता न ही इन्हें किसी भी कार्यवाही का भय रहता है, क्योंकि विभाग में कार्यवाही के नाम पर सिर्फ नाम मात्र की जांच कमेटी गठित कर पूरे मामलों को रफा दफा कर दिया जाता है।ताजा मामला एक बार फिर खरीदी केंद्रों से निकलकर सामने आया है जहाँ उपार्जन खरीदी केंद्रों में केंद्र प्रभारी ही अपने केंद्रों से नदारत देखे जा रहे हैं, कई उपार्जन केंद्रों में दलालों के माध्यम से, कहि पुत्रों के माध्यम से तो कही पर्दे के पीछे से अनियमितता करने वाले समिति प्रबंधक ही खरीदी करते नज़र आ रहे हैं।खरीदी केंद्रों में मनमानी का आलम यह है कि पाठक वेयर हाउस में चल रहे गुन्नौर खरीदी केंद्र प्रभारी को खरीदी से सम्बंधित कोई जानकारी ही नही रहती,वहीं ककरहट्टी के वेयर हाउस में बने उपार्जन केंद्र में जिम्मेदार मनमानी करने पर उतारू हैं। जिला प्रशासन ने किया उपार्जन से प्रथक,पर्दे के पीछे से रख रहे फिर भी नज़र' अनियमितता के आरोप में राम दास साहू ,समिति प्रबंधक ककरहट्टी, देवेन्द्रनगर को उपार्जन केंद्र से पृथक रखने के लिये पन्ना कलेक्टर ने आदेश भी जारी किया था इसके वावजूद भी जिम्मेदारों से सांठगांठ कर पर्दे के पीछे से उपार्जन के कार्य में यह रुचि दिखा रहे हैं।सूत्रों की यदि माने तो अभी तक ककरहट्टी के केंद्र प्रभारी नियुक्त नही हुए हैं जो हुए है वह उपार्जन में रुचि नही ले रहे।



### इनका कहना है

हम केंद्र प्रभारी नही है, साहू जी किसी को लगाए हुए हैं वहाँ।

**सुग्रीव पटेल, सेल्समेंन, समिति देवेन्द्रनगर**

केंद्र प्रभारी सुग्रीव पटेल है, हमें पृथक किया गया है, वाकी काम हमारे स्तर पर ही चल रहा।

**रामदास साहू,समिति प्रबंधक,समिति देवेन्द्रनगर**

गुन्नौर उपार्जन केंद्र प्रभारी ट्रेनिंग में है, इसलिये दूसरे को काम सौंपा गया है। मै निरीक्षण करने नही गया, टीम लगातार निरीक्षण करने जा रही। ककरहट्टी समिति के प्रशाशक द्वारा सुग्रीव पटेल को प्रस्तावित किया गया अधिकृत किया गया, प्रभारी वही है।

**एस के कन्नौजिया, मुख्यकार्यपालन अधिकारी, जिला सहकारी बैंक पन्ना**

# सीएम राइज विद्यालय पवई में समर कैंप प्रारंभ

**पन्ना।**

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कक्षा तीसरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों को ग्रीष्म काल में अवकाश के दौरान 12 दिवसीय 1मई से 17मई के बीच विभिन्न सृजनात्मक तथा व्यक्तित्व विकास के लिए विद्यालय में समर कैंप का प्रारंभ संस्था के प्राचार्य आरके नगायच द्वारा सरस्वती वंदना तथा मा वीणा वादिनी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उक्त प्रशिक्षण में छात्रों के कौशल विकास, खेल, योग, कंप्यूटर प्रशिक्षण चित्रकला, संगीत, गायन वादन, क्रियाकलाप कराए जा रहे हैं प्रारंभ में छात्र-छात्राओं के द्वारा संगीत मय प्रार्थना एवं राष्ट्रगान का गायन किया गया इस दौरान विभिन्न विधाओं के प्रशिक्षक शिक्षक उपस्थित रहे जिसमें आरसी गुप्ता आरके श्रीवास्तव सुदीप त्रिपाठी गुलशन बानो संध्या पटेल शीलू पटेल, अनिल पटेल ,मुन्नी लाल दहायत,रवि शंकर सिंह सदानंद पाठक बृज गोपाल तिवारी गोसिया परवीन प्रदीप पटेल आनंद सिंह परमार गार्ड एवं सुरक्षा कर्मी उपस्थित रहे। प्राचार्य द्वारा उपरोक्त विद्या में खेल एवं संगीत को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए साथ ही नवीन श्रजन समझ शक्ति से अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रेरित किया और दैनिक जीवन में योग प्राणायाम के द्वारा निरोग रहने की सीख दी स तथा विभिन्न प्रशिक्षण के द्वारा कंप्यूटर खेल संगीत तथा चित्रकला गतिविधि संपन्न कराई गई उपरोक्त अवसर पर प्राचार्य आरके नगायक्ष से बताया कि 12 दिवसीय उपरोक्त प्रशिक्षण में विद्यार्थियों के स्किल डेवलपमेंट से संबंधित विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।





# जिला न्यायालय में रक्तदान शिविर का आयोजन 4 मई को



**पन्ना।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा जिला चिकित्सालय के सहयोग से शनिवार, 4 मई को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। जिला न्यायालय स्थित एडीआर भवन में सुबह 10.30 बजे से शिविर लगेगा। इस संबंध में जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार द्वारा गत बुधवार को अधिवक्ता संघ के सदस्यों के साथ एडीआर भवन में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने उपस्थित अधिवक्ता संघ के सदस्यों से रक्तदान के पुनीत कार्य में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता प्रदान करने के संबंध में चर्चा की। इस दौरान अधिवक्ता संघ के सदस्यों द्वारा सहभागिता के लिए सहमति प्रदान की गई। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते सहित अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जे.के. राव, सचिव रत्नेश खरे, अधिवक्तागण आर.बी. पटेल, एस.पी. सिंगरौल, सुशील कुमार खरे, आर.के. निगम, आशीष चौरसिया, अतुल कुमार खरे, एम.पी. पटेल, चन्द्रभान पटेल, गिरजा शंकर शुक्ला, काजल जगवानी, आनंद नारायण तिवारी, उदय कुमार त्रिपाठी, विनय सिंह पुनिया, निर्मल कुमार जैन, राघव प्रसाद त्रिवेदी, कुंवर बहादुर उपाध्याय, आनंद कुमार श्रीवास्तव एवं प्रिंस निगम भी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने मतगणना के लिए अधिकारियों को सौंपा दायित्व

**पन्ना।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार लोकसभा चुनाव की आगामी 4 जून को मतगणना कार्य की व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। जिला मुख्यालय पर मतगणना दिवस पर शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में खजुराहो संसदीय क्षेत्र की जिले की पवई, गुनौर एवं पन्ना विधानसभा की ईव्हीएम की मतगणना होगी। इसी तरह सभी आठ विधानसभा के डाक मतपत्रों तथा सर्विस वोटर्स से प्राप्त ईटीपीबीएस मतपत्रों की गणना भी की जाएगी।

### इन अधिकारियों को सौंपा दायित्व

मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का दायित्व पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया है, जबकि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी कार्मिक प्रबंधन संघ प्रिय को मतगणनाकर्मियों के दल तैयार कर नियुक्ति आदेश जारी करने और रेण्डमाईजेशन एवं प्रशिक्षण की जिम्मेवारी सौंपी गई है। जिले के समस्त तीन विधानसभा क्षेत्र के मतगणना हॉल में बेरीकेटिंग, प्रवेश व निकास व्यवस्था एवं मतगणना दलों, एआरओ, आरओ और प्रेक्षक के लिए बैठक व्यवस्था सहित व्हीव्हीपीएटी की पर्ची की गणना के लिए वीसीबी की स्थापना हेतु संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिकपूर गढ़पाले को मतगणना केन्द्र पर साफ-सफाई व शौचालय एवं टैंकर व्यवस्था, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्हीएस उपाध्याय को मतगणना केन्द्र पर स्वास्थ्य सुविधाओं, म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के अधीक्षण यंत्री को मतगणना केन्द्र पर विद्युत व्यवस्था, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग महेन्द्र सिंह को स्वच्छ पेयजल व्यवस्था व स्थापित पानी की टंकी में स्वच्छ एवं ठण्डा पेयजल उपलब्ध कराने, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सितांशु राय को आईटी संबंधी समस्त कार्य तथा ईटीपीबीएस मतगणना की स्कैनिंग कार्य एवं इनकोर पर समस्त डाटा फीडिंग का दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह ई-गवर्नेंस मैनेजर दीपक सोनी को मतगणना कार्य के लिए आवश्यक कम्प्यूटर-प्रिंटर की व्यवस्था, डीपीसी अजय गुप्ता को मतगणना केन्द्र पर राउण्डवार परिणाम की प्रति अभ्यर्थी को प्रदान करने के लिए सभी विधानसभा में एक-एक तथा दो रिजर्व फोटोकॉपियर की व्यवस्था व संचालन, प्रभारी जिला अभियंता दूरसंचार धीरेन्द्र सक्सेना को इंटरनेट की सुदृढ़ व्यवस्था, जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया को स्वच्छ पेयजल के ठण्डे पानी पाउच, चाय, स्वल्पाहार व भोजन व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है, जबकि मतगणना के लिए समस्त सामग्री की व्यवस्था और मतगणनाकर्मियों को प्रवेश पत्र जारी करने तथा मतगणना के दौरान सीसीटीव्ही/वेबकासंटिग की व्यवस्था का नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर आलोक मार्को, सभी विधानसभाओं के परिणाम पत्रों का एकत्रीकरण कर अंतिम परिणाम पत्र तैयार करने व प्रकाशित कराने के लिए अधीक्षक भू अभिलेख त्रिलोक पुसाम, मतगणना एजेंट की नियुक्ति संबंधी समस्त कार्यवाही सहायक रिटर्निंग अधिकारी लोकसभा क्षेत्र कुशल सिंह गौतम, मतगणना के बाद ईव्हीएम व समस्त अभिलेखों की सीलिंग एवं मतगणना स्थल से ईव्हीएम स्टोर रूम में सुरक्षित भण्डारण के पश्चात कक्ष की सीलिंग का कार्य जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता और मतगणना उपरांत ईव्हीएम एवं अभिलेख परिवहन के लिए वाहन व्यवस्था का दायित्व जिला परिवहन अधिकारी को सौंपा गया है। इसके अलावा मतगणना एवं सीलिंग उपरांत आयोग से प्राप्त गोपनीय सील रजिस्टर डाक द्वारा आयोग को वापिस भिजवाने तथा इंडेक्स कार्ड व रिटर्निंग अधिकारी की डायरी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अजयगढ़ कुशल सिंह गौतम एवं प्रभारी नायब तहसीलदार धनीराम अहिरवार, मीडिया सेन्टर की स्थापना एवं संचालन के लिए जनसंपर्क अधिकारी देवेन्द्र सिंह, ईव्हीएम एवं डाक मतपत्र स्ट्रांग रूम व्यवस्था के लिए जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता एवं सहायक कोषालय अधिकारी रामप्रताप प्रजापति, डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस मतगणना कक्ष में बेरीकेटिंग, बैठक व्यवस्था और कम्प्यूटर प्रिंटर व्यवस्था के लिए संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम की ड्यूटी निर्धारित की गई है। सभी कार्यों के संपादन की निगरानी के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही आगामी 30 मई तक मतगणना संबंधी समस्त तैयारियों के पूर्ण होने का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य भी संपादित करने के लिए पाबंद किया गया है। नोडल अधिकारियों के साथ सहायक नोडल अधिकारी और सहयोगी कर्मचारियों की ड्यूटी भी निर्धारित की गई है।

# करियर प्वाइंट कोचिंग क्लासेज के छात्र-छात्राओं का सम्मान

## निरंतरता और कार्य के प्रति दृढ़ संकल्प से ही सपने किये जा सकते हैं साकार -संचालक अभिषेक शुक्ला

**पन्ना।** करियर प्वाइंट कोचिंग क्लासेज के छात्र-छात्राओं जिनका परीक्षा परिणाम माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा हाल ही में घोषित किया गया। जिसमें कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत व संचालक अभिषेक शुक्ला के श्रेष्ठ मार्गदर्शन द्वारा बच्चों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं में शिक्षा पटेल(94:)अंकों के साथ प्रथम स्थान, अजय पाल(91:)अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा कृति पाठक (88:) अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। साथ ही कक्षा 12वीं में पीयूष कुमार (86.2:) कृष्णा यादव (84.6:),अस्मित साहू (84.2:) ,अथर्व खरे (83:), मयंक यादव (82:,)आदर्श गर्ग (82:) तथा आदित्य तिवारी 81: अंक अर्जित किये। साथ ही कक्षा दसवीं में कृष्णा रैकवार (90:) अंकों के साथ प्रथम स्थान, अनुराधा शंकर सिंह (88:) अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा अंशिका द्विवेदी 85.6: अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। वही कक्षा 10 वीं में तनिष्का सोनी 84: तथा दीपाली गुप्ता ने 83: अंक अर्जित कर सफलता हासिल की। छात्रों की इस उपलब्धि पर संचालक अभिषेक शुक्ला ने बच्चों को ट्रॉफी व ढेर सारे पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे पूरी साल एक सही रणनीति के साथ उन्होंने काम किया और बच्चों को अच्छे से अच्छे अंक हासिल करवाये। साथ ही बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।



# परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया होगी एक साथ, बनेंगे बेहद शुभ योग

**पन्ना।** परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया के साथ होने के चलते बेहद शुभ योग बन रहे हैं। आप भी इस दौरान भगवान परशुराम को विशेष पूजा के चलते प्रशन्न कर सकते हैं। परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया हिन्दू धर्म में एक बड़े महत्वपूर्ण दिन हैं जो अत्यंत आदर्शित माने जाते हैं। दरअसल इस दिन भगवान विष्णु के छठें अवतार, भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। दरअसल भगवान परशुराम जी को चिरंजीवी माना जाता हैं जिनका जन्म वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हुआ था। वहीं इस बार परशुराम जयंती 10 मई 2024 को मनाई जाएगी, जो इसी दिन अक्षय तृतीया के साथ होने के कारण बेहद शुभ माना जा रहा है। दरअसल भगवान विष्णु ने त्रेतायुग के समय में वैशाख मास में कूर्म, बुद्ध, और परशुराम रूप में अवतार लिया था। इसी कारण वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर परशुराम जयंती का आयोजन होता है। जानकारी दे दें कि शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर भगवान परशुराम जी भार्गव वंश में जन्मे थे, वहीं परशुराम जी भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं।



# घर में घुसकर पत्थर मारने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

नौगांव

बीते दिनों नौगांव थानांतर्गत गर्रोली चौकी क्षेत्र के अचट्ट गांव में स्थित एक घर में घुसकर महिला के ऊपर पत्थर फेंक कर मारने और झगड़ा करने के पंजीबद्ध मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए अदालत में पेश किया, जहां से न्यायधीश ने आरोपी को जेल भेज दिया।गर्रोली चौकी क्षेत्र के अचट्ट गांव निवासी फरियादी हरिकिशन कुशवाहा उम्र 33 वर्ष ने दिनांक 24 अप्रैल 2024 को नौगांव पुलिस थाना आकर रिपोर्ट-रात्रि करीबन 02.00 बजे लिखाई । फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर पर था तभी गांव से चचेरे भाई ने फोन से सूचना दी की अभी थोडी देर पहले तुम्हारी मां अपने घर के आंगन मे सो रही थी, तभी किसी ने घर मे घुसकर उनको पत्थर मार दिया है, जिससे उनके सिर, व मुंह



में चोटे आई है, जिस कारण से खून बह रहा है। घटना के बाद घायल महिला को सिविल अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद फरियादी की रिपोर्ट तथा मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 323,324,458 आईपीसी का मामला पंजीबद्ध कर का भौतिक निरीक्षण कर आरोपी की तलाश की गई। पुलिस ने विवेचना में आए साक्ष्यों, कथनों के आधार पर संदेही रामप्रसाद रैकवार पिता दशरथ रैकवार उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम अचट्ट को बुधवार शाम को सलैया रोड शंकर जी के मंदिर के पास ग्राम अचट्ट से कस्टडी में लिया। पूंछतांछ में संदेही ने घटना घटित करना स्वीकार किया। इसके बाद आरोपी रामप्रसाद रैकवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां पर न्यायधीश ने आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई को है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक सतीश सिंह थाना प्रभारी, गर्रोली चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नेहा सिंह गुर्जर, सउनि दादूराम, प्रधान आरक्षक देवीदास, मनीष त्रिपाठी, आरक्षक जितेन्द्र, सौरभ तिवारी, राजकुमार बृजलाल रहे।

# बीमारी से तंग वृद्ध ने मौत को गले लगाया



छतरपुर। शहर कोतवाली अंतर्गत फूलादेवी मार्ग बाइपास में रहने वाले 65 वर्षीय परशु पाल ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की वास्तविक वजह क्या है यह तो अभी स्पष्ट नहीं हो रहा लेकिन बताया जा रहा है कि वह पिछले कुछ समय से बीमार था। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि बीमारी से तंग आकर उसने मौत को गले लगाया है।जानकारी के मुताबिक 65 वर्षीय परशु पाल बाइपास रोड में रहता था। उसके परिवार के सदस्य बसारी दरवाजे के पास रहते थे। बीती शाम वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का कहना है कि वह बीमार रहते थे लेकिन बीमारी से आहत होकर मौत को गले लगा लेंगे इसका अंदेशा नहीं था। फिलहाल वृद्ध का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया है और पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## खबर संक्षेप

### रक्तदान कर साथी आरक्षक की पत्नी की बचाई जान



छतरपुर। आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने बताया कि नौगांव थाने में पदस्थ आरक्षक नीलेश कांत अहिरवार की धर्मपत्नी पीलिया के चलते जिला अस्पताल में इलाजरत थीं। उन्हें ब्लड की अत्यंत आवश्यकता थी। उन्होंने रक्त हेतु आपाजी ब्लड ग्रुप से संपर्क किया और मदद की अपील की। ग्रुप के प्रयास से नौगांव एसडीओपी कार्यालय में रीडर के पद पर पदस्थ आरक्षक दीपक साहू तक जानकारी पहुंचाई गई। उन्होंने बिना विलंब किए तुरंत आकर रक्तदान कर साथी आरक्षक की मदद कर इंसानियत का परिचय दिया।

### घर में घुसकर मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार



छतरपुर। गत 24 अप्रैल को नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम अचट्ट में रात करीब दो बजे रामप्रसाद रैकवार पुत्र दशरथ रैकवार 37 वर्ष ने हरिकिशन कुशवाहा के घर में घुसकर उसकी मां को पत्थर मारकर घायल किया था। हरिकिशन की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 324, 458 के तहत मुकदमा कायम किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी रामप्रसाद को विगत रोज सलैया रोड शंकर जी के मंदिर के पास अचट्ट से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### 6 मई से शुरू होगा 7 दिवसीय यातायात समर कैम्प

छतरपुर। गर्मियों के अवकाश में पुलिस की ओर से भी समर कैम्प लगाकर छात्र-छात्राओं को ट्रॉफिक नियमों की जानकारी देने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के प्रयास से यह शिविर 6 मई से लगाया जाएगा। 7 दिनों तक चलने वाले समर कैम्प का उद्देश्य युवाओं के अलावा छात्र-छात्राओं को सुरक्षित यातायात की परंपरा से अवगत कराना, ट्राफिक नियमों की जानकारी देना, अति दुर्घटना वाले स्थानों से परिचय कराना व इनका अवलोकन कराना साथ ही यातायात पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देना है। यातायात जागरूकता संबंधी चित्रकला, निबंध, नाटक आदि प्रतियोगिताएं भी रखी जाएंगी। यह सभी गतिविधियां यातायात थाना परिसर में आयोजित होंगी। समर कैम्प में भाग लेने वाले इच्छुक बच्चे 4 मई दोपहर 12 बजे तक थाना परिसर में अपना निःशुल्क रजिस्ट्रेशन कराएं। मोबाइल नंबर 6263130722 पर संपर्क कर भी रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है।

### सोशल मीडिया पर डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने के संबंध में रहें सचेत

छतरपुर। अनजान नम्बर खासकर जो +92 से शुरू होते हों, ऐसे आने वाले, व्हाट्सएप कॉल एवं वीडियो कॉल, टेलीग्राम कॉल न उठाएं। भारतीय कानून में डिजिटल अरेस्ट का काई नियम नहीं है। किसी के कहने पर या डर से खुद को कहीं बंद न करें। अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाते संबंधी, आधार आदि को किसी के साथ साझा न करें। कोई भी संस्था आपसे आपका निजी पैसा किसी भी शासकीय खाते में जमा करने या सुरक्षित करने की सलाह नहीं देता। अतः कभी भी अपना पैसा किसी अनजान बैंक खाते में ट्रांसफर न करें। यदि आपके साथ कोई साइबर अपराध घटित होता है तो उसकी शिकायत अपने नजदीकी पुलिस थाने में या सायबर क्राइम हेल्प लाइन नम्बर 1930 (टोल फ्री) पर तत्काल कॉल कर सूचित करें।

## लुगासी हायर सेकंडरी के प्राचार्य हुए सेवानिवृत्त

# शिक्षकों और ग्रामीणों ने दी विदाई




नौगांव। लुगासी में संचालित महाराजा छत्रसाल हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ प्राचार्य के सेवानिवृत्त होने पर साथी शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने स्कूल परिसर में कार्यक्रम कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

महाराजा छत्रसाल हायर सेकेंडरी स्कूल में 38वर्ष से पदस्थ प्राचार्य घनश्याम दास निरंजन अपनी सेवा से मुक्त हो गए। इस दौरान साथी शिक्षकों ने कार्यक्रम आयोजित कर संस्था में उनके द्वारा गुजारे गए पलों को याद किया गया तो वहीं कुछ लोगों ने अपने अनुभव भी साझा किए। साथ ही तत्कालीन प्राचार्य घनश्याम दास निरंजन भी अपने उद्बोधन के दौरान सेवानिवृत्त होने पर भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि जाने का मन नहीं करता लेकिन नियम है तो पालन तो करना ही पड़ेगा। तो वहीं ग्रामीणों ने भी उनके जीवन के 38 वर्ष इस संस्था में देने पर उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए अब नए जीवन की शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान अध्यक्ष हरगोविंद सिंह बुंदेला, छोटे राजा, सचिव पुष्पेंद्र सिंह, पूर्व सरपंच मंगल सिंह यादव, दयाशंकर मिश्रा, अमरनाथ रिछारिया, धनेश तिवारी, प्रेमनारायण पटेल, छोटे लाल नरवरिया, रामसजीवन तिवारी, रामशरण यादव, वरिष्ठ शिक्षक कंचन सक्सेना, दीपक वर्मा, कृष्णाकांत मिश्रा, शेलेंद्र राजा, रामनारायण तिवारी रहे। मंच का संचालन शिक्षक अवधेश सक्सेना ने किया।

# मौसमी बीमारियों का शिकार हो रहे लोग डॉक्टर की सलाह धूप से बचें, पानी खूब पिएं



छतरपुर। इस समय जिला अस्पताल में मरीजों की भरमार है। मौसमी बीमारी से पीड़ित होकर लोग बड़ी संख्या में इलाज कराने जिला अस्पताल आ रहे हैं। उल्टी, दस्त, जी मचलाना, चक्कर आना, बेहोशी जैसी स्थिति से जूझ रहे लोग इलाज कराने आ रहे हैं। डॉक्टर की सलाह है कि धूप से अपना बचाव करें और खूब पानी पिएं।जिला अस्पताल में मौसमी बीमारियों की चपेट में आए लोगों की खासी संख्या देखने को मिल रही है। गर्मी अधिक होने और भोजन सही मात्रा में न लेने की वजह से कई बीमारियां पनपने लगती हैं। इन दिनों पेट से जुड़ी बीमारियों के शिकार लोग इलाज कराने अधिक संख्या में आते देखे जा रहे हैं। हर डॉक्टर के चेम्बर के सामने मरीजों की लंबी कतार देखने को मिल जाती है। बीमारी के शिकार लोगों का कहना है कि ज्यादातर परेशानी उल्टी, दस्त और बेहोश होने की है। जिला अस्पताल में पदस्थ एमडी डॉ. अरविंद सिंह कहते हैं कि गर्मियों में खाना जल्दी खराब हो जाता है। देर तक रखे गए खाने का सेवन करने से पेट की बीमारी होती है। वहीं पानी कम पीने की वजह से भी बीमारी पनपने लगती है। इन दिनों हीट स्ट्रोक का खतरा बना है। पानी की कमी और विषाक्त भोजन तथा तेल, मसाले से युक्त भोजन करने से बेहोशी जैसी स्थितियां निर्मित हो जाती हैं। डॉ. सिंह ने लोगों को सलाह दी है कि वे धूप से बचें, मिर्च, मसाले का सेवन कम करें, पानी अधिक पिएं ताकि स्वस्थ्य रह सकें।

# बलात्कार की शिकार नाबालिग का हाल जानने अस्पताल पहुंचे एसपी



छतरपुर। हाल ही में सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की गैंगरेप का शिकार हो गई थी। नाबालिग जब गर्भवती हो गई तब मामला प्रकाश में आया। सिविल लाइन पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा कायम कर उनमें से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इधर नाबालिग गर्भवती को स्वास्थ्य लाभ दिलाने के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरूवार को एसपी अगम जैन ने जिला अस्पताल पहुंचकर दुष्कर्म का शिकार हुई नाबालिग लड़की का हाल जाना।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि कुछ रोज पहले एक नाबालिग लड़की सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हो गई थी। लड़की गर्भवती हुई तो उसके परिवार के सदस्यों को इस पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी मिली। लड़की को जिला अस्पताल में इलाज दिलाया जा रहा है। एसपी श्री जैन ने बताया कि लड़की की देखभाल के लिए एक दल गठित किया गया है। टीम की ओर से न केवल उसका हाल जाना जा रहा है बल्कि उसे होने वाली हर तकलीफ पर नजर रखी जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस घटनाक्रम से जुड़े दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है व शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# रिजर्व सीट के बाद भी उपभोक्ता को नहीं मिली यात्रा की सुविधा

## उपभोक्ता फोरम ने रेलवे को किया आदेशित, उपभोक्ता को मिलेंगे 27 हजार रूपए

छतरपुर। रिजर्वेशन कराने के बाद भी यात्रा के दौरान रिजर्व सीट न मिलने से आहत उपभोक्ता ने पहले विभाग को शिकवा-शिकायत की लेकिन जब वहां से कोई समस्या का हल नहीं निकला तो मजबूरन उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग की शरण में जाना पड़ा। उपभोक्ता फोरम ने उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए रेलवे के चेयरपर्सन, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं मण्डल रेल प्रबंधक को आदेशित किया है कि उपभोक्ता को 25 हजार रूपए सेवा में कमी के बदले और दो हजार रूपए परिवाद व्यय एक माह के भीतर चुकाए।

जानकारी के मुताबिक अधिवक्ता रोहित साहू पुत्र अशोक साहू निवासी बसारी हाल क्रिश्चियन इंग्लिश स्कूल के पीछे द्वारा भोपाल जाने के लिए महामना एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 22164 में रिजर्वेशन कराया था। 16 दिसम्बर 2022 को 199.85 रूपए ऑनलाईन भुगतान करते हुए रिजर्व टिकिट खरीदी थी। उपभोक्ता श्री साहू को पीएनआर नंबर 2733929727 भी जारी किया गया था। 17 दिसम्बर 22 को भोपाल जाने के लिए उपभोक्ता रेलवे स्टेशन छतरपुर पहुंचा जहां उसे ज्ञात हुआ कि ट्रेन एक घंटे विलंब से आ रही है। परिवादी ने अपनी सीट क्रमांक 31 पर जाकर बैठने की कोशिश की लेकिन वहां पहले से ही एक व्यक्ति बिना टिकिट बैठा था। व्यक्तिगत रूप से उसे सीट से हटाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं हटा तब उपभोक्ता श्री साहू ने रेलवे की हेल्पलाइन 139 पर शिकायत दर्ज की। उसे आश्वासन मिला कि अगले स्टेशन में उसकी मदद होगी लेकिन न तो स्टेशन में कोई मदद मिली और न ही रेलवे सुरक्षा बल की ओर से सहायता की गई। परिणामस्वरूप उपभोक्ता को पूरी यात्रा गेट के पास खड़े होकर करनी पड़ी जिससे उसे मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ा। उपभोक्ता ने इस समस्या के हल के लिए रेलवे से लगातार संपर्क कर शिकायत की लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। अंततः उपभोक्ता ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग की शरण ली। अध्यक्ष सनत कुमार कश्यप एवं सदस्य निशा गुप्ता ने इस पूरे प्रकरण के तथ्यों का परखते हुए चेयरपर्सन एण्ड चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर भारतीय रेलवे, चेयरपर्सन एण्ड मैनेजिंग डायरेक्टर आईआरसीटीसी एवं मण्डल रेल प्रबंधक झांसी डिवीजन को आदेशित किया कि वे 30 दिवस के भीतर परिवादी को 2 हजार परिवाद व्यय सहित 27 हजार रूपए चुकाए। इस आदेश से यह स्पष्ट होता है कि यदि किसी भी विभाग द्वारा सेवा में कमी की गई है तो उपभोक्ता फोरम में उसकी शिकायत कर दण्डित किया जा सकता है।

# मौज, मस्ती और रोचक गतिविधियों से भरा है कैम्प



छतरपुर। सीएम राइज मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल में गर्मियों की छुट्टी मौज मस्ती और रोचक गतिविधियों के साथ मनाने के लिए समर कैम्प शुरू किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी एमके कौटार्य ने समर कैम्प में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों से कहा कि वे शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों की जानकारी भी कैम्प से जुटा सकते हैं।

सीएम राइज के उपप्राचार्य राजकुमार शर्मा ने बताया कि एक मई से 13 मई तक समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस कैम्प में कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थी सहभागिता कर रहे हैं। समर कैम्प में कई प्रकार की खेल गतिविधियां जैसे बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, कबड्डी, और बेसबॉल, इसके अलावा डांस और योगा जैसी गतिविधियां छात्र छात्राओं को सिखाई जाएंगी। खेल प्रशिक्षक के रूप संस्था के स्पोर्ट, डांस, योगा शिक्षकों को संस्था ने जिम्मेदारी दी है। समर कैम्प का शुभारंभ डीईओ एमके कोटार्य और जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीकांत दुबे की उपस्थिति में हुआ। डीईओ ने बच्चों को सार्वभौमिक विकास, खेल एवं अन्य गतिविधियों का महत्व बताया। कैम्प में 110 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया है। डीईओ ने कक्षा 5, 8, 10 और 12वीं में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले छात्र-छात्रओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने उप प्राचार्य राजकुमार शर्मा के विद्यालय के प्रति समर्पण और कठिन परिश्रम की भी सराहना की। कार्यक्रम का संचालन एसके उपाध्याय व जीएस गुप्ता ने किया।

# दबंगों ने 50 साल पुराने पेड़ किए धराशायी, ग्रामीण परेशान



छतरपुर। सागर रोड पर स्थित ग्राम चौका के पीड़ितों ने एसपी को शिकायती आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि उनके खेत में लगे 40 से 50 वर्ष पुराने हरे-भरे पेड़ों को दबंगों ने काट डाला है। घटना करीब तीन माह पहले की है। मातगुवां थाने में शिकायत देने के बावजूद पुलिस ने कोई मदद नहीं की। पीड़ितों ने पलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। चौका निवासी शंकरलाल पुत्र सरमनलाल अहिरवार ने एसपी को शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि उनकी पुस्तैनी जमीन ग्राम चौका में स्थित है। 6 फरवरी को गांव के ही प्रीतम सिंह, धरम सिंह व उनके अन्य साथियों ने खेत में लगे आम, बेरी, नीम, आंवला, सिजवा, छिवला, गुलमोहर के पेड़ काट डाले। 7 फरवरी को मातगुवां थाने में घटना की शिकायत दी गई, इसके अलावा 8 फरवरी को एसपी ऑफिस तथा 13 फरवरी को फिर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन दिया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। पीड़ितों ने आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## महिलाओं को परेशान करने वालों पर रहेगी पुलिस की नजर

छतरपुर। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने महिलाओं पर होने वाले अपराधों को नियंत्रित करने हेतु एक मीटिंग आयोजित की। इस मीटिंग में महिला सुरक्षा शाखा, महिला थाना, थाना अजाक, शिकायत शाखा, निर्भया मोबाइल को महिला सुरक्षा के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों, पार्क, शैक्षणिक संस्थान आदि में घूमने वाले मनचलों पर नजर रखें और महिलाओं का पीछा करने वाले बाईकर्स के खिलाफ भी कठोर कार्यवाही करें। इस अभियान को एंटी छपरी अभियान नाम दिया गया है।स्थानीय पुलिस कांफ्रेंस हाल में एसपी अगम जैन ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए काम करने वाले बल को अलर्ट मोड में करते हुए निर्देश दिए कि वे अपनी जिम्मेदारी का सजगतापूर्ण निर्वहन करें। यदि महिलाओं के खिलाफ कोई अपराध घटित करता है या उन्हें कोई परेशान करता है तो उसके खिलाफ तत्काल कार्यवाही सामने आनी चाहिए। मीटिंग में एएसपी विक्रम सिंह, सीएसपी अमन मिश्रा, एसडीओपी बिजावर शशांक जैन, रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री, महिला सुरक्षा शाखा से उप निरीक्षक तबस्सुम खान, शिकायत शाखा प्रभारी उपनिरीक्षक रागिनी कटारे सहित महिला थाना, महिला सुरक्षा शाखा, थाना अजाक के स्टाफ एवं संबंधित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# खनिज निरीक्षक ने पकड़ा रेत से भरा ट्रेक्टर

## ट्रेक्टर छीनकर ले जाने का मामला, तीन के खिलाफ मामला दर्ज



छतरपुर। गुरूवार सुबह खनिज विभाग ने रेत का अवैध परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की है। एक कार्यवाही गायत्री मंदिर के पास की गई और दूसरी कार्यवाही सटई रोड में होमगार्ड ऑफिस के पास की गई है। सटई रोड से रेत से भरा ट्रेक्टर जब्त कर सिविल लाइन थाने पहुंचाया जा रहा था लेकिन इस ट्रेक्टर को छीनकर ले जाने की घटना की वजह से एक महिला सहित तीन के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा कायम किया गया है। उधर महिला का आरोप है कि ट्रेक्टर घर में रखा था, बच्चे की शादी होनी है जिस वजह से घर में शौचालय बनवाने हेतु रेत मंगवायी थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की विवेचना कर रही है। खनिज अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि सुबह सटई रोड में अवैध रेत परिवहन के खिलाफ खनिज टीम कार्यवाही करने पहुंची तभी सुनीता तिवारी नाम की महिला खनिज टीम से भिड़ गयी। रेत से भरे ट्रेक्टर को थाने नहीं ले जाने दिया। महिला और उसके दो अन्य सहयोगियों के खिलाफ सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। वहीं महिला का कहना है कि रेत से भरा ट्रेक्टर उसके घर में रखा था खनिज टीम जबरन ट्रेक्टर ले जा रही थी। चूंकि घर में विवाह होने की वजह से उसे निर्माण कार्य कराना है इसलिए उसने रेत मंगवायी थी। कुल मिलाकर मामले की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### आकांक्षा साहू के शीघ्र स्वस्थ जीवन के लिए मदद की दरकार



**रीवा।** नन्ही बच्ची आंकाक्षा साहू के शीघ्र स्वस्थ जीवन के लिए मदद की दरकार है। बच्ची का नाम आकांक्षा उम्र 13 साल है, पिता समाजसेवी सुरेश साहू, ब्यौहारी जिला शहडोल (मप्र) से हैं। अस्पताल से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार इस बच्ची के लिवर एवं किडनी में अत्यधिक इंफेक्शन होने के कारण सीरियश स्तिथि में विगत चार-पांच दिन से कोमा में है, वर्तमान में बच्ची बात नहीं कर पा रही है। जिसे मिनर्वा मेडिसिटी हॉस्पिटल एडमिट है आपके इस छोटे प्रयास से नन्ही बच्ची को पुनः नया जीवन मिल सकता है। मदद करने के लिए आप बच्ची के पिता सुरेश साहू ब्यौहारी से मो. नंबर 6265965809 पर बात करके अथवा इनके फोन पै नंबर 6265965809 पर अपने आशीर्वाद स्वरूप मदद भेज सकते है।

### स्कूल स्वायल हेल्थ कार्ड कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रीवा।** स्कूल स्वायल हेल्थ प्रोग्राम के अन्तर्गत केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-एक का चयन किया गया है। जिसके तहत पंजीकृत छात्रों द्वारा मृदा नमूना एकत्र कर प्रयोगशाला में विश्लेषण कर किया जाकर कृषकों को स्वायल हेल्थ कार्ड वितरित किया जायेगा। गत दिवस विद्यालय में पंजीकृत शिक्षक मो. इखलाख आजाद एवं 25 छात्रों के समूह द्वारा रीवा विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम अजगरहा में मृदा नमूना एकत्रीकरण का कार्य किया गया। कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु उप संचालक कृषि यूपी बागरी, एके पाण्डेय, डॉ. अखिलेश पटेल, डॉ. बीपी सिंह, आरके पटेल एवं विनोद कुमार सिंह के साथ मिट्टी परीक्षण कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस दौरान डॉ. बी.पी. सिंह द्वारा मिट्टी परीक्षण का महत्व एवं मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन मृदा नमूना लेने की विधि विस्तार से समझाई गई। डॉ. अखिलेश पटेल द्वारा मृदा नमूना एकत्रीकरण का प्रैक्टिकल कराया गया। प्रशिक्षण में उप संचालक श्री बागरी द्वारा किसानों से अपील की गई कि खरीफ मौसम में पूर्व मृदा परीक्षण अनिवार्यतः करवायें ताकि मृदा में उपलब्ध पोषक तत्वों के आधार पर अनुशंसित उर्वरकों का ही प्रयोग कराया जा सके। साथ ही बच्चों को भी तकनीकी सलाह दी गई। डॉ. एके पाण्डेय द्वारा मृदा में उपलब्ध पोषक तत्वों के महत्व, एवं अनुशंसित उर्वरकों के प्रयोग के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया। डॉ. केएस बघेल वैज्ञानिक द्वारा मृदा विश्लेषण एवं विभिन्न पोषक तत्वों की जानकारी दी गई। डॉ. स्मिता सिंह वैज्ञानिक द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उर्वरक अनुशंसा एवं रसायन मुक्त फसल उत्पादों के बारे में छात्रों को जानकारी दी गई।

### कलेक्टर कांफ्रेंस 8 मई को

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड की अध्यक्षता में 8 मई को प्रातः 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में कलेक्टर कांफ्रेंस आयोजित की जा रही है। इस बैठक में कमिश्नर राजस्व कार्यों तथा पेयजल व्यवस्था की जिलेवार समीक्षा करेंगे। बैठक में प्रातः 11 बजे से प्रातः 11.30 बजे तक अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की संभागीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इसके बाद प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक संवेदनशील विषयों पर कार्यवाही की समीक्षा की जाएगी। कमिश्नर दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक राजस्व कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे से आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में पेयजल व्यवस्था, समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, बिजली की आपूर्ति, मनरेगा योजना, गौशाला निर्माण, खनिज राजस्व वसूली तथा छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा की जाएगी। संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संभागीय अधिकारी बैठक में उपस्थित रहेंगे।

# राजस्व अधिकारियों की निगरानी में हो रहा है गेहूं उपार्जन





शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से जिले में बनाए गए 103 खरीदी केन्द्रों में गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है।

**रीवा**

गेंहू का उपार्जन सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गेंहू उपार्जन की निगरानी के लिए राजस्व अधिकारी तथा जिला स्तरीय अधिकारी तैनात किए हैं। राजस्व अधिकारियों द्वारा खरीदी केन्द्रों का लगातार भ्रमण कर उपार्जन की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला ने खरीदी केन्द्र कनौजा तथा खौर का निरीक्षण किया। उन्होंने समिति प्रबंधक को खुले में भण्डारित गेंहू के तत्काल परिवहन कर सुरक्षित भण्डारण के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। नायब तहसीलदार गुढ़ तेजपति सिंह ने बदवार खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं 12 हम्माल, तिरपाल तथा अन्य संसाधन उपलब्ध मिले। खरीदी केन्द्र में अब तक 48 किसानों ने अपने गेंहू बेचे हैं।

नायब तहसीलदार तेजपति सिंह ने खरीदी केन्द्र खामडीह का भी निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसी क्रम में तहसीलदार गुढ़ विनयमूर्ति शर्मा ने खरीदी केन्द्र महसांव का निरीक्षण किया। महसांव में अब तक 51319 क्विंटल गेंहू की खरीदी 67 किसानों से की जा चुकी है। खरीदी केन्द्र में बारदाने पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। श्री शर्मा ने रविशंकर चौरसिया वेयरहाउस खरीदी केन्द्र महसांव का भी निरीक्षण किया। खरीदी केन्द्र में सामान्य रूप से उपार्जन किया जा रहा था। नायब तहसीलदार विन्ध्या मिश्रा ने उपार्जन केन्द्र बिहरा तथा खैरा नम्बर दो, नायब तहसीलदार त्योंथर भगवानदास रैदास ने तीन खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। तहसीलदार जवा राजेश शुक्ला ने गत दिवस जवा हरदहन खरीदी केन्द्र एवं डभौरा खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। इसी तरह जिले भर में राजस्व अधिकारियों द्वारा खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

#### समर्थन मूल्य पर हुई 282798 क्विंटल गेंहू की खरीद

रीवा जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। जिले में एक मई तक 5034 किसानों से 282798 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 678 करोड़ 71 लाख 60 हजार की राशि मंजूर की गयी है। इस संबंध में अपर कलेक्टर तथा प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि उपार्जित गेंहू का भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 187240 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 71 करोड़ 95 लाख 55 हजार 562 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 9311 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं। जिले में सहकारी समितियों के मध्याम से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। अधिकतर खरीदी केन्द्र गोदाम स्तर पर बनाये गये हैं। गेंहू खरीद की अंतिम तिथि 20 मई है।

## हत्या के प्रयास के इनामी आरोपी को रीवा पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे



**रीवा**

भोपाल क्राइम ब्रांच की टीम ने गत दिवस रीवा के लकी सिंह परिहार उर्फ मेंटल को गिरफ्तार किया था। जिसे रीवा पुलिस रीवा लाकर न्यायालय में पेश किया जहां न्यायालय ने जेल भेज दिया। रीवा कलेक्टर के बाहर गोलीकांड में जिसमें दो अन्य आरोपी शामिल थे, आरोपी लंबे समय से फरार था, जिसके ऊपर पुलिस अधीक्षक ने 10,000 का इनाम घोषित किया था। उक्त मामले में क्राइम ब्रांच की टीम को जानकारी मिली थी कि आरोपी भोपाल जा सकता है ।जिसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम आरोपी की तलाश कर रही थी ।इसी दौरान उसे मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी छिप कर कारोवार कर रहा है जिसे क्राइम ब्रांच की टीम ने हिरासत में लेकर पूछताछ किया, पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश कर दिया है, सिविल लाइन थाना अंतर्गत 20 सितंबर को बदमाशों द्वारा फायर किया गया था जिस पर फरियादी दिव्यांग सिंह बघेल द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई थी जिसका मुख्य आरोपी लकी सिंह परिहार पर फरार था

#### इनका कहना

रीवा पुलिस की इनपुट पर भोपाल क्राइम ब्रांच ने इसको पड़ा था जिसको रीवा पुलिस रीवा लाकर न्यायालय मे पेश किया हैआरोपी के दो अन्य साथी हैं जिनको भी पुलिस शीघ्र गिरफ्तार कर लेगी।

**विवेक सिंह पुलिस अधीक्षक रीवा**

## प्रेमी और प्रेमिका हुए लहुलुहान, एक का कटा गला तो दूसरे का हाथ, अस्पताल में चल रहा ईलाज

**रीवा**






जिले के अतरैला थाना क्षेत्र में एक प्रेमी-प्रेमिका ने धारदार औजार से एक दूसरे पर हमला कर दिए। इस घाटन में दोनों लहूलुहान हो गए और उन्हें गंभीर हालत में पुलिस इलाज के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में लेकर आई।मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है धारदार औजार से युवक व युवती एक दूसरे पर किए गए हमले के चलते जहां युवक की गर्दन कट गई है वही युवती का हाथ कटा है। पुलिस के मुताबिक घायल युवक शंकर दयाल है। घायल युवक-युवती अंतरैला थाना क्षेत्र के ही रहने वाले है। दोनों बुधवार की रात घायल अवस्था में पाए गए हैं। बताया जाता है कि विवाह होने के बाद युवक- युवती से मिलने उसके गांव पहुंचा था। जहां दोनों के बीच झगड़ा हुआ और एक दूसरे पर धारदार औजार से वे हमला कर दिए, हालांकि युवती घायल युवक को पहचानने से इनकार किया है और उसका कहना था कि वह शौचक्रिया के लिए गई थी जहां युवक ने उस पर हमला कर दिया था। बहरहाल पुलिस मारपीट सहित युवक-युवती के विवाद एवं रिश्तों को लेकर भी जांच कर रही है और पुलिस की जांच के बाद ही उनके रिश्ते एवं विवाद का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## छत में काम कर रहे वृद्ध की करंट लगने से मौत, एक युवक गंभीर रूप से घायल



**अनूपपुर।**

कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत बम्हनी गांव में बुधवार की रात अपने ही घर की छत में काम कर रहे एक 50 वर्षीय वृद्ध की गांव से निकली बिजली तार से करंट लगने से जिला अस्पताल पहुंचने के पूर्व मौत हो गई वहीं 30 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल होने पर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में भर्ती कराया गया है। ड्यूटी डॉक्टर की सूचना पर जिला अस्पताल पुलिस द्वारा गुरुवार की सुबह परिजनों की उपस्थिति में मृतक मृतक के शव का ड्यूटी डॉक्टर से शव परीक्षण कराने के साथ कार्यवाही प्रारंभ की। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर से 25 किलोमीटर दूर स्थित बम्हनी गांव में बम्हनी से छिल्पा जाने वाले मुख्य मार्ग के किनारे निवास रत 50 वर्षीय रामविनोद पटेल पिता प्रीतम पटेल जो अपने घर के छज्जे को तोड़वाने का काम गांव के ही मिस्त्री प्रवीण पिता बोधराम पटेल 30 वर्ष के साथ मिलकर ड्रिल मशीन के माध्यम से कर रहे थे तभी बुधवार की रात 10:30 बजे के लगभग काम करते समय बम्हनी से छिल्पा की ओर गयी 11 केव्ही बिजली लाइन जिसमे प्लास्टिक कवर लगा था जिसके बीच में कवर ना होने पर करंट लगने से मिस्त्री प्रवीण पटेल घायल हुआ जिसे बचाने के लिए दौड़े रामविनोद पटेल के हाथ एवं शरीर के अन्य हिस्सों में करंट लगने एवं करंट के झटके से छत से नीचे जमीन पर गिरने पर गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हे निजी वाहन से देर रात जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाकर ड्यूटी डॉक्टर से परीक्षण कराया गया जिस पर परीक्षण के दौरान डॉक्टर ने रामविनोद पटेल की जिला अस्पताल पहुंचने के पूर्व मृत होना बताते हुए घटना की जानकारी जिला अस्पताल पुलिस को दी वही करंट लगने से 30 वर्षीय प्रवीण पटेल पिता बोधराम पटेल गंभीर रूप से घायल स्थिति में जिला चिकित्सालय में उपचाररत है। गम्भीर रुप से घायल के बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया है।

## कलेक्टर ने पीएम जन-मन आवास निर्माण कार्य का किया अवलोकन

### ग्राम की हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के घर पहुंच स्वास्थ्य संबंधी ली जानकारी

**अनूपपुर।**



कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिले के जैतहरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बैहार का भ्रमण कर पीएम जन-मन आवास योजना कार्य तथा गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य परीक्षण आदि की जानकारी हितग्राहियों के घर पहुंचकर ली। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने पीएम जन-मन आवास के हितग्राही लमतू बैगा, कली बाई बैगा, रितु बैगा के घर पहुंचकर पीएम जन-मन आवास निर्माण कार्य का अवलोकन किया तथा हितग्राहियों से निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली। हितग्राहियों ने कहा कि आगामी 15 से 20 दिवस में कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने आवास हितग्राहियों को कार्यों की पूर्णता के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर उपस्थित जनपद पंचायत के सीईओ ने बताया कि ग्राम पंचायत बैहार में 97 पीएम जन-मन आवास स्वीकृत हैं। सभी निमार्णाधीन हैं। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने पेयजल की उपलब्धता के संबंध में जनपद सीईओ को दिशानिर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने गर्भवती हाईरिस्क महिलाओं शांति बाई तथा बिंदिया बाई के घर पहुंच कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए जांच तथा दवाईयों के बारे में पूछताछ की। उन्होंने मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को गर्भवती एवं हाईरिस्क महिलाओं के समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण तथा हीमोग्लोबिन की जांच एवं दवाईयों की उपलब्धता एवं सेवन की सतत मॉनीटरिंग के निर्देश दिए। मौके पर सीएचओ द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम बैहार में 11 गर्भवती महिलाएं हैं, जिनमें 6 हाई रिस्क महिलाएं हैं। जिसके संबंध में कलेक्टर ने स्वास्थ्य अमले को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

## तेज गति से वाहन चलाने वाले 16 वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही

**अनूपपुर।**




ड्राइविंग लाइसेंस होंगे सस्पेंड तेज गति से वाहन चलाना सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है जिस पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से तेज गति से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को चेक कर कार्रवाई करने हेतु पुलिस मुख्यालय पीटीआरआई द्वारा जिले के थाना यातायात को इंटरसेप्टर व्हीकल विथ स्पीड डिटेक्टर मशीन के प्रदाय किया गया है, जिसका अधिक से अधिक उपयोग कर ओवर स्पीड वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिंह पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी एवं अनु विभागीय अधिकारी अनूपपुर सुमित केरकट्टा के निदेर्शानुसार यातायात पुलिस द्वारा तीन दिन में चेकिंग दौरान 16 फोर व्हीलर वाहन चालक, जो ओव्हर स्पीड में वाहन चलाते पाए गए जिस पर कार्रवाई करते हुए वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया, साथ ही ऐसे वाहन चालको के ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने हेतु जिला परिवहन कार्यालय भेजे गए। बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालक एवं बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान 82 दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट पाए गए, जिन पर चालानी कार्रवाई की गई साथ ही 27 वाहन चालक बिना सीट बेल्ट फोर व्हीलर चलाते पाए गए जिन पर चालानी कार्यवाही करते हुए जुमार्ना वसूल किया गया, कुल 125 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई।

### पुलिस ने जुआरियों पर की ताबड़तोड़ कार्रवाई

**राजनगर।** थाना रामनगर द्वारा 2 मई को मुखबिर की सूचना पर शांतिनगर में स्ट्रीट लाईट के प्रकाश में आरोपी राहुल गोड उर्फ बबई पिता हरिकेश्वर सिह गोड उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड क्र010 सुभाषनगर राजनगर, अनुज कुमार गुप्ता उर्फ गोरखा पिता अजय गुप्ता उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड क्र0 06 न्यू डोला, रामरूप चौधरी पिता भैयालाल चौधरी उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड क्र013 खोंगापानी, सुन्दर बंजारा पिता स्व0 सरजू बंजारा उम्र 63 वर्ष निवासी वार्ड क्र0 06 पोखरी दफाई खोंगापानी के द्वारा तास के 52 पत्तों में रुपए पैसों का दांव लगाकर हार-जीत की बाजी से जुआ खेलते पाये गये जिनके कब्जे से कुल 7950/ रुपए नगदी ताश के 52 पत्ता जप्त किया गया है एवं आरोपीगणो के विरुद्ध अपराध क. 185/24 धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार 1 मई को मुखबिर की सूचना पर भलमुडी रोड के किनारे स्ट्रीट लाईट के प्रकाश में आरोपियान कामेश्वर कमकर पिता बालेश्वर कमकर उम्र 32 वर्ष निवासी सीआरओ दफाई राजनगर, दीपक सिह पिला स्व. नरेन्द्र कुमार सिंह उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड क्र0 11 खपडा दफाई राजनगर, सुरेश कुमार गुप्ता पिता नत्थू लाल गुप्ता उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड क्र0 06 बाजार पारा हाई स्कूल के पास चिरमिरी, सागर उर्फ मोनू मिश्रा पिता विष्णु मिश्रा उम्र 31 वर्ष निवासी सेमरा, हाल सुभाषनगर0 कालोनी राजनगर के द्वारा ताश के 52 पत्तों में रुपए पैसों का दाव लगाकर हार-जीत की बाजी से जुआ खेलते पाये गये। जिनके कब्जे से कुल 6930/ रुपए नगदी तास के 52 पत्ता जप्त किया गया है। एवं आरोपीगणो के विरुद्ध अपराध क्र. 186/24 धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अनूपपुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी कोतमा के निर्देशन में थाना प्रभारी रामनगर निरीक्षक अमर वर्मा के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक उमेश तिवारी, प्रधान आरक्षक सनत द्विवेदी, अमित पटेल, आरक्षक मनोज उपाध्याय, अनुराग भार्गव, अनुराग सिह, राहुल प्रजापति व चालक आरक्षक रिन्कू गोले द्वारा की गई।